District Level Internal Examination Committee, Tinsukia

# Revisionary Examination, 2025-26

Class-X

## Sub : Hindi (Elective)

Time : 3 hours | Full Marks : 100

Pass Marks : 30

(The figures in the margin indicate full marks for the questions)

परीक्षार्थी खण्ड 'क' और खण्ड 'ख' का उत्तर दें

**(Group - 'A' खण्ड - 'क')**

1. सही उत्तर चयन करो : 1×5=5

(क) बाबू जयशंकर प्रसाद का जन्म हुआ था-

(अ) काशी में (आ) इलाहाबाद में

(इ) पटना में (ई) जयपुर में

(ख) कार्निवल के मैदान में लड़का चुपचाप किन को देख रहा था?

(अ) चाय पीने वालों को (आ) मिठाई खाने वाले को

(इ) गाने वालों को (ई) शरबत पीने वालों को

(ग) बड़े साहब ने नारद को भोलाराम के दरखास्तों पर वजन रहने की सलाह दी। यहाँ 'वजन' है-

(अ) पेपरवेट (आ) वीणा

(इ) रिश्वत (ई) मिठाई का डब्बा

(घ) 'मृत्तिका' का शीर्षक कविता के कवि-

(अ) कबीर दास (आ) नरेंन्द्र शर्मा

(इ) नरेश मेहता (ई) मीराबाई

(ङ) मीराबाई के पिता कौन थे?

(अ) कुँवर भोजराज (आ) राव रत्न सिंह

(इ) राव दूदाजी (ई) रसखान

P.T.O.

2. पूर्ण वाक्य में उत्तर दो : 1×6=6

(क) रामवृक्ष बेनीपुरी का जन्म कहाँ हुआ था?

(ख) दुनिया का ध्यान सामान्यत: किस पर जाता है?

(ग) सड़क किसकी तरह सब कुछ महसूस कर सकती है?

(घ) जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रथम कहानी का नाम क्या है?

(ङ) युद्ध किसके बल पर जीता जा सकता है?

(च) बेनीपुरी जी को जेल की यात्राएँ क्यों करनी पड़ी थी?

3. सप्रसंग व्याख्या करो : 5

जाति न पूछो साधु की, पूछी लीजिए ज्ञान। मोल करो तलवार का पड़ा रहने दो म्यान॥

अथवा

काल करे सो आज कर, आज करे सो अब।
पल में परलय होएगा, बहुरि करेगो कब।।

4. संक्षेप में उत्तर दो : 2×7=14

(क) निशानेबाज के रूप में छोटे जादूगर की कार्य-कुशलता का वर्णन करो।

(ख) कंगुरे की ईट की भूमिका स्पष्ट करो।

(ग) 'पर ऐसा कभी नहीं हुआ था'- यहाँ किस घटना का संकेत मिलता है?

(घ) 'इन्कम होता तो टैक्स होता! -भुखमरा था!' किसने किससे कहा था?

(ङ) सड़क अपने ऊपर पड़े एक चरण-चिह्न को क्यों ज्यादा देर तक नहीं देख सकती?

(च) तलवार की क्या उपयोगिता है?

(छ) पुरुषार्थो को सबसे बड़ा देवत्व क्यों कहा गया है?

5. उत्तर दो : 4

सुंदर श्याम को अपने घर का आमंत्रण देते हुए कवयित्री ने उनसे क्या-क्या कहा है?

अथवा

मनुष्य मात्र से राम (कृष्ण) नाम का रस पीने का आह्वान करते हुए मीराबाई ने उन्हें कौन सा उपदेश दिया है?

6. (क) किन्हीं चार का लिंग परिवर्तन करो : $^1/_2 \times 4=2$

बंदर, महाराज, नायक, श्रीमान, नर कोयल, अध्यक्ष।

(ख) किन्हीं चार का वचन परिवर्तन करो : $^1/_2 \times 4=2$

मैं, पुस्तक, स्त्री, नीति, सड़क, चिड़िया।

(ग) किन्हीं दो का दो दो पर्यायवाची शब्द लिखो : $^1/_2 \times 4=2$

तलवार, पथ, गणेश, धरती।

(घ) किन्हीं चार का विपरीत शब्द लिखो : $^1/_2 \times 4=2$

मानव, आय, आकर्षण, साकार, आदि, आस्तिक।

(ङ) किन्ही चार का उपसर्ग और प्रत्यय जोड़कर एक-एक शब्द बनाओ :

प्रति, अभि, त्वं, आइन, अप, दार। $^1/_2 \times 4=2$

(च) संधि विच्छेद करो : $1 \times 2=2$

देहावसान, जगन्नाथ, आनंदोत्सव, प्रश्नोत्तर।

(छ) किन्हीं दो मुहावरों से वाक्य बनाओ : $1 \times 2=2$

घड़ी समीप होना, अपने पांवो पर खड़ा होना, अक्ल का दुश्मन, अंधे की लकड़ी।

(ज) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखो (दो का) : $1 \times 2=2$

(क) सोने के गहने बनाने वाला कारीगर-

(ख) पुत्र का पुत्र-

(ग) जो संगीत जानता है-

(घ) कहानी लिखने वाला व्यक्ति-

## (Group - 'B' खण्ड - 'ख')

7. पूर्ण वाक्य में उत्तर दो : 1×7=7

(क) महादेवी वर्मा ने अपनी पालतू बिल्ली का नाम क्या रखा था?

(ख) पत्रों को उर्दू में क्या कहा जाता है?

(ग) महात्मा गांधी के पास दुनिया भर से तमाम पत्र किस पते पर आते थे?

(घ) 'जो बीत गई' कविता का कवि कौन है?

(ङ) 'जो बीत गई' कविता में कवि ने कौन सी बातें भुलाने को कहा है?

(च) व्यक्ति को किसके समक्ष आत्मसमर्पण नहीं करना चाहिए?

(छ) 'द्रौपदी' खंडकाव्य के रचयिता कौन है?

8. संक्षेप में उत्तर दो: 2×7=14

(क) महादेवी जी ने मोर और मोरनी के क्या नाम रखे और क्यों?

(ख) पत्र ऐसा क्या काम कर सकता है, जो संसार का आधुनिकतम साधन भी नहीं कर सकता?

(ग) पत्र जैसा संतोष फोन या एसएमएस का संदेश क्यों नही दे सकता?

(घ) कवि ने कायरता को प्रति हिंसा से अधिक और अपवित्र क्यों कहाँ है?

(ङ) हमें मधुवन और मदिरालय से क्या शिक्षा मिलती है?

(च) कवि ने 'अंबर के आनन' को देखने की बात क्यों की है?

(छ) 'जो मादकता के मारे हैं, वे मधु लूटा ही करते हैं'। इससे कवि क्या कहना चाहते हैं?

9. नीलकंठ ने खरगोश के बच्चे को साँप के चंगुल से किस तरह बचाया? 5

अथवा

लेखिका को नीलकंठ की कौन-कौन सी चेष्ठाएँ बहुत भाती थी?

10. किसी एक विषय पर निबंध लिखो : 8

(क) विज्ञान की अवदान

(ख) अपनी प्रिय पुस्तक

(ग) अनुशासन और छात्र जीवन

(घ) असम की बाढ़ समस्या

(ङ) महात्मा गांधी

11. दो दिन की छुट्टी मांग कर विद्यालय के प्रधान अध्यापक / प्रधान अध्यापिका को एक आवेदन पत्र लिखो। 5

अथवा

मित्रों को जन्म दिवस पर बधाई देते हुए एक पत्र लिखो।

12. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दो :

हमारा पर्यावरण हमारा रक्षा कवच है, जो हमें प्रकृति से विरासत में मिला है। यह हम सब का पालनकर्ता और जीवन आधार भी है। पर्यावरण रक्षण तो भारतीय संस्कृति से जुड़ा है। पेड़ लगाना पुण्य कार्य माना जाता है। आज भी पानी के स्रोतों, देवालयों के मार्गों के निकट पेड़ लगाने और पेड़ो को न काटने की प्रथा है। पेयजल के निकट मल-मूत्र त्याग पापकर्म माना गया है। इन संस्कारों को बनाये रखने से पर्यावरण का संरक्षण होता है।

प्रश्नावली :

(क) उपरोक्त गद्यांश का एक सार्थक शीर्षक दो। 1

(ख) प्रकृति से विरासत में हमें क्या मिला है। 1

(ग) पर्यावरण की रक्षा क्यों करनी चाहिए? 2

(घ) भारतीय संस्कृति से क्या जुड़ा हुआ है? 1

(ङ) पेयजल के निकट क्या नहीं करना चाहिए? 1

12. निम्नलिखित किन्हीं पाँच वाक्य का हिंन्दी में अनुवाद करो : 1×5=5

(a) New Delhi is the capital of India.

(b) Anil is taller than Sunil.

(c) Assam is situated in the eastern part of India.

(d) Always speak the truth.

(e) Sita is the daughter of the king Janaka.

(f) We must obey our teacher.

(g) Bihu is our national festival.

.........